वाहन चोरी कर लूटपाट करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेस नोट नजीराबाद

श्रीमान पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल महोदय द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त सेन्ट्रल, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर के कुशल निर्देशन एवं मुझ थानाध्यक्ष नजीराबाद के नेतृत्व में थाना हाजा से चोरी हुई मोटर साइकिल अपाचे नं0 यूपी 78 एफबी 5988 के आधार पर मु0अं0सं0 99/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत हुआ जिसकी पतारसी सुरागरसी करते हुए कुछ समय पहले थाना क्षेत्र मे हुई महिला के साथ चैन लूट के सम्बन्ध में जानकारी हुई जिसपर पूर्व में मु0अ0सं0 28/2024 धारा 392 आईपीसी पंजीकृत था पतारस्सी सुरागरसी करते हुए तथा आपरेशन त्रिनेत्र के द्वारा लगाये गये सीसीटीवी कैमरो की सहायता से दिनांक 11.06.2024 को अभियुक्तगण 1.आकाश सोनवानी उर्फ नंदू पुत्र सुखलाल निवासी चेतना स्कूल अंबेडकर नगर पार्क डबल पुलिया थाना काकादेव कानपुर नगर उम्र करीब 24 वर्ष 2.सूरज कश्यप उर्फ पोपे पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी 116/1015 रावतपुर गांव गणेश नगर थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 21 वर्ष 3.साहिल उर्फ सरवर पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी मस्वानपुर टेंडेरी थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष को मय चोरी गयी मोटर साइकिल के पार्ट्स व लूटी गयी चैन के रूपये व चोरी मे प्रयुक्त वाहन लोडर नंबर UP78CN0540 के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा मौके से दो अभियुक्तगण तारिक उर्फ बब्लू व सलमान जो कि गाड़ियो चोरी की गयी गाड़ियो को खरीद कर उनके पार्ट्स को बेच कर मोटी कमाई करते थे जो कि मौके से भागने मे सफल रहे जिनको गिरफ्तार करने हेतु टीम लगातार दविश दे रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण</u> – थाना नजीराबाद चौकी क्षेत्र अशोक नगर से मानू साहू द्वारा थाने पर सूचना दी गयी थी कि उनके घर के सामने से एक अपाचे मोटर साइकिल सं0 यूपी 78 एफबी 5988 नीले कलर की अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी थी जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 99/2024 धारा 379 आईपीसी पंजीकृत हुआ जिसपर थाना नजीराबाद की टीम द्वारा तत्परता से आपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से लगाये गये सीसीटीवी कमैरो को खगालना शुरु किया तो लगभग 150 कैमरो की फुटेज देखने के पश्चात आकाश सोनवानी तथा सूरज कश्यप के बारे में जानकारी हुई तत्पश्चात और अधिक जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त दोनो आरोपी मोटर साइकिल चोरी करके उनसे लूटपाट करते है और लूटपाट करने के पश्चात उक्त गाड़ियो को थाना क्षेत्र बजरिया में स्थित एक कबाड़ी की दुकान जो कि मो0 तारिक तथा सलमान चलाते है को साहिल पुत्र मो0 इमरान के माध्यम से मो0 तारिक तथा सलमान को बेच देते है और उसके बदले मे मोटा धन अर्जित करते है इसी दौरान तीनो को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने के पश्चात कड़ाई से पूंछतांछ की गयी तो उक्त दोनो अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र नजीराबाद में विगत दिनो एक महिला के साथ हुई चैन स्नैचिंग घटना को भी अंजाम दिया था जिस मोटर साइकिल को तारिक व सलमान की दुकान पर ले जाकर बेच दिया था वह गाड़ी भी चोरी की थी।

नाम पता अभियुक्तगण –

1.आकाश सोनवानी उर्फ नंदू पुत्र सुखलाल निवासी चेतना स्कूल अंबेडकर नगर पार्क डबल पुलिया थाना काकादेव कानपुर नगर उम्र करीब 24 वर्ष

2.सूरज कश्यप उर्फ पोपे पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी 116/1015 रावतपुर गांव गणेश नगर थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 21 वर्ष

3.साहिल पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी मस्वानपुर टेंडेरी थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी

1. एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल नं0 UP78FB5988 के पार्ट्स
2. तीन अदद मोटरसाइकिल
3. दो अदद स्कूटी
4. लूट की घटना के बरामद 3000 रुपये
5. चोरी की गाड़ियो को इधर उधर पंहुचाने में प्रयुक्त लोडर नंबर UP78CN0540

अपराधिक इतिहास अभियुक्त आकाश सोनवानी उर्फ नंदू –

1. मु0अ0सं0 74/2022 धारा 323/504 आईपीसी थाना रावतपुर कानपुर नगर
2. मु0अ0सं0 28/2024 धारा 392/411 आईपीसी
3. मु0अ0सं0 99/2024 धारा 379/411/414/420 आईपीसी

अपराधिक इतिहास अभियुक्त सूरज कश्यप उर्फ पोपे –

1. मु0अ0सं0 28/2024 धारा 392/411 आईपीसी
2. मु0अ0सं0 99/2024 धारा 379/411/414/420 आईपीसी

अपराधिक इतिहास अभियुक्त साहिल उर्फ सरवर –

1. मु0अ0सं0 99/2024 धारा 379/411/414/420 आईपीसी

गिरफ्तारी टीम

1. उ0नि0 यशवीर सिंह चौकी प्रभारी अशोक नगर थाना नजीराबाद कानपुर नगर
2. उ0नि0 डीसी राजपूत चौकी प्रभारी बीट थाना नजीराबाद कानपुर नगर
3. उ0नि0 कुमार सौरभ चौकी प्रभारी आर0के0 नगर थाना नजीराबाद कानपुर नगर
4. का0 2306 दिनेश कुमार थाना नजीराबाद कानपुर नगर
5. का0 3355 गुरबचन सिंह थाना नजीराबाद कानपुर नगर
6. का0 5354 सोनू थाना नजीराबाद कानपुर नगर